कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) — 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 15 दिनांक : 22 / 04 / 2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

प्रेसनोट:—

(जनसम्पर्क अधिकारी)

कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला

ग्वालियर। कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में शिक्षा को सशक्त बनाने व यूजीसी द्वारा नैक ग्रेड अर्जित करने हेतु एस.एस.आर. बनाने की तैयारी हेतु आज दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। नैक द्वारा शिक्षण संस्थाओं का पाठयक्रम संबंधी पहलू, अनुसंधान, परामर्श और विस्तार, शिक्षण–अधिगम एवं मूल्यांकन, छात्र समर्थन और प्रगति, बुनियादी ढांचा और सीखने के संसाधन, शासन, नेतृत्व और प्रबंधन, नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाएं जैसे सात मापदंडों पर मूल्यांकन किया जाता है।

पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कृषि विश्वविद्यालय परिसर में माननीय कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला ने जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली क्षति को रेखाकिंत करते हुए कहा कि जिस प्रकार तापमान में दिन प्रतिदिन बदलाव हो रहे है उसे हल करने के लिए पेड़ पौधों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में तैयार हो रहे ऑक्सीजन जोन में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शुक्ला, अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लगभग 60 पौधों का पौधारोपण किया गया।

इस कार्यशाला में जीवाजी विश्वविद्यालय से आये तकनीकी विशेषज्ञ प्रो. एस. के. गुप्ता द्वारा नैक यूजीसी का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. मृदुला बिल्लौरे, निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय. पी. सिंह, निदेशक अनुसंधान सेवायें व निदेशक शिक्षण डॉ. संजय शर्मा, कुलसचिव श्री अनिल सक्सैना, विश्वविद्यालय अंतर्गत पांचो महाविद्यालयों के अधिष्ठाता एवं प्राध्यापकगण, कृषि विज्ञान केन्द्रों से वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने अपनी सहभागिता दी।